तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024

12 पैराडाइज स्कूल में विज्ञान दिवस पर छात्रों ...

12 डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में 25 करोड़ ...




## शहीद को सलाम : पार्थिव शरीर के गृहग्राम पहुँचते ही शहीद रमेश अमर रहे के नारे किए बुलंद

# हिदूर मुठभेड़ के शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि और अफसरों ने दिया कंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- संगम गांव में शहीद जवान रमेश का अंतिम संस्कार किया गया
- एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार, बस्तर आईजी सुंदरराज पी, कांकेर डीआईजी केएल ध्रुव श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए

जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में बस्तर फाइटर का जवान रमेश कुरेटी रविवार 3 मार्च को शहीद हो गया था। जवान का पार्थिव शरीर पखांजूर थाना लाया गया। पखांजुर थाना में एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार, बस्तर आईजी सुंदरराज पी, कांकेर डीआईजी केएल ध्रुव, एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला, बीएसएफ के कमांडेट समेत अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सोमवार 4 मार्च को शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम सलामी दी, जिसके बाद शहीद जवान के पार्थिव शरीर को गृहग्राम संगम भेजा गया। छोटेबेठिया थाना में शहीद हुए बस्तर फाइटर के जवान की खबर मिलने के उपरांत पुलिस के उच्च अधिकारी 3 मार्च को ही पखांजुर पहुँच गए थे और हिदूर जंगल से फोर्स की सुरक्षा में शव को पखांजुर लाया गया और पीएम करवाने के उपरांत फ्रीजर में रखा गया। 3 मार्च को अंधेरा हो जाने के कारण 4 मार्च को शहीद जवान के शव को पखांजुर थाना लाया गया।

पखांजुर थाना में सीमा सुरक्षा बल के कमांडेट 178 वाहनी एचएस रूतेला, कमांडेट 47 वाहनी उपेंद्र राय, एएसपी पखांजुर प्रशांत शुक्ला, एसडीएम अंजोर सिंह पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा, ग्राम पंचायत संगम के सरपंच मैनू किरंगा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने पहुंच शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहीद जवान के परिजन भी उपस्थित रहे।





पखांजुर थाना में श्रद्धांजलि और अंतिम सलामी देने के उपरांत पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देते हुए गृहग्राम संगम के लिए रवाना किया। शहीद जवान रमेश कोरेटी के पार्थिव शरीर के संगम पहुँचने पर परिजनों का हाल रो-रो कर बुरा हो गया वहीं संगम गाँव में शहीद जवान रमेश अमर रहे के नारे अंतिम संस्कार होते तक लगते रहे।



### जगह जगह दी गई श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद शहीद जवान के पार्थिव शरीर को वाहन से उनके गृह ग्राम संगम ले जाया गया। इस दौरान जगह जगह शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में लोग इंतजार किया और श्रद्धांजलि दी। पुराना बाजार चौक में पुराना बाजार कमेटी परिवहन संघ, ग्राम पीव्ही 42, मथुरा बाजार में, भिंगीड़ार में भी ग्रामीणों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

### एडीजी को सड़क मार्ग से जाना पड़ा

शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने रायपुर से पहुंचे नक्सल आपरेशन के एडीजी विवेकानंद सिन्हा हेलीकाप्टर से पखांजुर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजी स्टेडियम में उतरे और श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत उनको जानकारी मिली कि हेलीकाप्टर में तकनीकि खराबी आ गई है, जिसके चलते हेलकाप्टर उड़ान नहीं भर सकता है। अंत में एडीजी सड़क मार्ग से रायपुर वापिस होना पड़ा। इंजीनियर के पहुँचने के बाद ही पता चल सकेगा कि हेलीकाप्टर में किस तरह की तकनीकि खराबी आई है।

### नक्सल मुक्त बस्तर बनाने आपरेशन में आएगी तेजी

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि बस्तर में शांति व्यवस्था बनाए रखने नक्सल ऑपरेशन चलाए जा रहे है। रविवार 3 मार्च को हिदूर में जो मुठभेड़ हुई, उसमें बस्तर फाइटर का जवान शहीद हो गया। जवान ने इस मुठभेड़ में अमूल्य योगदान दिया, जिस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय मे नक्सल मुक्त बस्तर बनाने के लिए नक्सल खात्मे के लिए आपरेशन में और तेजी लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों की गणितीय व भाषाई कौशल की जांच



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केन्द्र कोदापाखा के प्राथमिक शाला क्वाचीकटेल मे 04 मार्च को एफएलएन सामाजिक अंकेक्षण किया गया। भारत सरकार की निपुण भारत अभियान के तहत 2026-27 तक कक्षा 1 पहली, दूसरी, तीसरी के बच्चों को मूलभूत, भाषाई एवं गणितीय कौशल मे दक्ष करने का अभियान चल रहा है। इसी तहत प्राथमिक शाला क्वाचीकटेल में मूलभूत भाषाई एवं गणितीय कौशल के विद्यार्थी सूचकांक के आधार पर समुदाय के समक्ष एफ एल एन कौशल की जांच की गई। इस दौरान जांच के लिए निकटतम, माशा के शिक्षक पवन कुमार गोटी के अलावा उपस्थित समुदाय ने भी गणितीय एवं भाषाई की जांच कर संतुष्टि ब्यक्त किए। बच्चों में मूलभूत कौशल के विकास के लिए और बेहतर प्रयास करने शिक्षकों को सुझाव दिया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रामचन्द दुग्गे, भारत भंडारी, ग्राम गाया राम प्रसाद कोवाची, राजकुमार नेताम, सोमारू राम, जागेश्वर नुरुटी, रामनाथ कोणाची, अस्सी राम सोरी, अंकालू राम कोवाची, ललिता यादव, सामना दुग्गा, बिखरा कोवाची आदि पालक उपस्थित रहे।

### कोड़ेकुर्से मेले से मोटर सायकिल की हुई चोरी

**कांकेर।** थाना बड़गाँव के ग्राम गुरूवंडी निवासी 32 वर्षीय कृष्णा कोवाची पिता हजारी लाल कोवाची ने पुलिस को बताया कि मैं 29 फरवरी को दोपहर को लगभग ढाई बजे अपने घ्ज्ञर से निकलकर करीबन 3 बजे कोड़ेकुर्से मेला देखने पहुंचा था। मैं अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएच 5387 एचएफ डिलक्स नीला व काला रंग को मेला स्थल के बाहर पेड़ के नीचे रख दिया था। मेला घूमने के बाद शाम करीबन साढ़े 6 बजे वापिस आया तो जहाँ पर मोटर सायकल कखड़ी किया था, वहाँ पर मोटर सायकल नहीं थी। मैने आसपास मोटर सायकल को पता लगाया, परंतु कोई जानकारी नहीं मिली। अज्ञात चोर मेरी मोटर सायकल को चोरी करके ले गया है। कोड़ेकुर्से थाने की पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा धारा 379 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


### हाईवा चालक पर दर्ज हुआ मामला

**नरहरपुर।** थाना नरहरपुर की ग्राम माण्डरादरहा निवासी 60 वर्षीय मसनबत्ती पति राजाराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मैं 3 मार्च को अपने घर में थी कि करीबन साढ़े 10 बजे डब्बीपानी की तरफ से हाईवा 14 चक्का क्रमांक सीजी 04 पीपी 4435 का चालक गाड़ी को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सड़क से नीचे उतारकर दीवाल को तोड़कर मेरे घर पोर्च में ठोकर मारकर घर को नुकसान कर दिया है। पुलिस ने प्रार्थियां की शिकायत पर धारा 279, 427 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 11 को

**कांकेर।** एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 11 मार्च को सुबह 11 से 3 बजे तक किया जाएगा। उक्त कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 1 हजार 350 रिक्तियां के आधार पर भर्ती ली जाएगी। इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

## भुईगांव में हाईवा समेत रेत चोर सपड़ाए ग्रामीणों ने घेरा, पुलिस कार्रवाई की मांग



- आरोपियों से ग्रामीणों की झूमाझटकी हुई, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**कांकेर।** चारामा थाना के अंतर्गत ग्राम भुईगांव में बीती रात को हाईवा लेकर खदान से रेत चोरी करने के लिए पहुँचे कुछ लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा। ग्रामीणों ने थाना में आवेदन देकर कार्यवाही करने की माँग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्यवाही नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जानकारी के अनुसार भुईगांव रेत खदान ग्राम पंचायत को स्वीकृत है। बीती रात को रेत खदान से रेत चोरी करने को लेकर हाईवा लेकर पहुँचे थे। ग्रामीणों को खबर मिलने पर ग्रामीणों ने खदान पहुँचने वालों को घेर लिया और गाँव में चलकर बैठक करने की बात करने लगे, कई लोगों से झूमाझटकी भी हुई। ग्रामीणों के जाल में फंस जाने के कारण यह जानकारी एसडीएम व पुलिस को मिली।

खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। भुईगांव के ग्रामीण ने लिखित में इसी प्रकार का आवेदन दिया है, पुलिस ने आवेदन को जाँच में रखा है। बीती रात को क्या हुआ, इस पर पुलिस कोई जानकारी नहीं दे रही है। यह भी चर्चा है कि जो लोग खदान गए थे, उनमें कुछ लोग राष्ट्रीय राजमार्ग से जा रही दो हाईवा को रोककर 10 हजार रूपएं लेने की बात सामने आ रही है। पुलिस इस मामले की जाँच सही ढंग से करती है तो रात को होने वाली इस घटना का खुलासा सही ढंग से हो सकेगा। भुईगांव में बीती रात को हुई घटना को लेकर जिस तरह से वीडियो वायरल हुआ है, उससे यही लग रहा है कि प्रशासन ने रेत खदान पर कड़ा कदम नही उठाया और वसूली करने वाले रेत खदानों में पहुँचने पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसी तरह की कुछ दिन पहले भिरौद में रात को 12 बजे हुडदंग हुआ था। नियमानुसार रात को खदान चलना प्रतिबंधित है, ऐसे समय खदान चलती है तो प्रशासन को हस्तक्षेप कर कार्यवाही करना चाहिए। रात को रेत खदान में पहुँचकर अपने आपको जनप्रतिनिधि व सोशल मीडिया बताकर दबंगई दिखाते हुए पैसे की माँग भी करने का मामला प्रकाश में आया है।

खदानों में रात को इस तरह की हो रही घटनाओं पर लगाम नहीं कसा गया तो आने वाले समय में बढ़ी घटना हो सकती है। कांकेर के अलावा अन्य खदानों में मारपीट के कई मामले सामने आ चुके है। प्रशासन को भविष्य में ऐसी कोई घटना घटित न हो, उसके लिए अभी से सतर्क हो जाने की जरूरत है। रात में ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पार्टी ने हम पर जताया विश्वास खरा उतरने का करेंगे पूरा प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केन्द्रीय नेतृत्व के द्वारा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए अंतागढ़ के पूर्व विधायक भोजराज नाग को भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बनाए जाने के बाद 4 मार्च को कमल सदन पहुँचे और अपनी बाते रखी, साथ ही बस्तर क्लस्टर के सह प्रभारी व अन्य प्रभारियों ने अभी से काम में लग जाने की बात कही।

बस्तर क्लस्टर के सह प्रभारी एवं विधायक विक्रम देव उसेंडी ने कहा कि हम सब मिलकर भाजपा प्रत्याशी भोजराज के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस बार केंद्रीय नेतृत्व ने जो 11 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य दिया है उसे पूरा जरूर करेंगे। भाजपा हर एक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ विजय के लिए कार्य करेगा। बस्तर क्लस्टर के सह प्रभारी यशवंत जैन ने कहा कि हम कांकेर लोकसभा से भोजराज को जिताकर सांसद के रूप मे नरेन्द्र मोदी के द्वारा बनाए माला मे एक फूल भेंट करेंगे।

इस बार कांकेर लोकसभा की सभी आठो विधानसभा में हम भारी मत हासिल करेंगे। लोकसभा सहप्रभारी संतोष बाफना ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ में जाकर घोषित प्रत्याशी को जिताने के लिए अभी से कमर कस लें। एक एक गाँव जाने के लिए काफी समय मिल गया है, उस समय का उपयोग सभी को करना है। सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना और प्रदेश की योजना के बारे मे जानकारी देकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता देश को वैभव शिखर पर और फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य कर रहे है।

लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कांकेर लोकसभा से प्रत्याशी बनाए जाने पर केंद्रीय व राज्य संगठन का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने सुदूर अंचल में निवास करने वाले मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को पहले विधायक बनाया और अब लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर मैं खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि मै हमेशा सदैव आप सभी के साथ और क्षेत्र के जनता के साथ खड़ा रहूंगा और सभी के सुख-दुख में सदैव आपके साथ रहूँगा। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि हम सब मिलकर भोजराज को कांकेर लोकसभा में विजयी दिलाएंगे। भरत मटियारा, महेश जैन ने मिलकर कार्य करने की बात कही। मंच संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने किया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांकेर शहर में चोरी के आरोप में दो नाबालिग गिरफ्तार, एक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर पुलिस द्वारा कांकेर शहर में हुई चोरी के विभिन्न मामलों में संलिप्त दो विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी हुए सामान को भी बालकों से जप्त किया गया। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन कांकेर निवासी डॉ. किशोर सोम ने थाना कांकेर में 24 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि सिविल लाइन कांकेर स्थित प्रार्थी के शासकीय क्वार्टर सूने मकान में 15 से 21 फरवरी के मध्य कोई अज्ञात चोर घर में रखी एक्टिवा सीजी 19 बीएल 0778 को चोरी कर ले गया है।

कांकेर शहर में 24 फरवरी को मोबाईल दुकान के संचालक हुसैन सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके दुकान में कोई अज्ञात चोर दो नग मोबाइल फोन चोरी कर ले गया है। माहुरबंदपारा निवासी महेश दीक्षित ने पुलिस को 2 मार्च की रात को अज्ञात चोर हॉटल मे घुसकर बिस्किट पैकेट, सिगरेट के पैकेट एवं इंडक्शन स्टोव चोरी कर ले गया है। बस स्टैंड में स्थित हार्डवेयर के मालिक हनीफ शेखानी ने 4 मार्च की रात को लगभग 2 से 3 बजे के मध्य दुकान में घुसकर स्क्रूडाईवर से पैसा रखने के गल्ला के ताला को तोड़कर 15 हजार रूपएं की नगदी की चोरी हो गई।

कांकेर पुलिस को बीती रात को पुलिस पेट्रोलिंग टीम को डेली मार्केट के पास तीन बालक पुलिस पार्टी को देखकर भागते हुए दिखाई दिए जिसे पुलिस पार्टी द्वारा पीछा कर घेराबंदी कर भाग रहे दो विधि से संघर्ष रत बालकों को पुराना टॉकीज के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर बालकों ने अपने साथी अन्य नाबालिग़ विधि से संघर्षरत बालक निवासी बरदेभाटा के साथ मिलकर उक्त सभी चोरी की घटनाओं को करना स्वीकार किया।

दोनों गिरफ्तार विधि से संघर्षरत बालक एमजी वार्ड कांकेर एवं राजापारा कांकेर के निवासी हैं, जिनकी उम्र 14 वर्ष एवं 16 वर्ष है। दोनों के निशानदेही पर चोरी किया हुआ एक्टिवा, मोबाइल फोन, इंडक्शन स्टोव, नकदी रकम 1000 रुपया तथा लोहे की राड को जप्त किया गया है।

चोरी घटनाओं में शामिल अन्य विधि से संघर्ष तक बालक निवासी बरदेभाटा फरार है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी थाना कांकेर में चोरी के 05 मामले पंजीबद्ध हैं जिसे पूर्व में अभियोजित किया जा चुका है। उक्त फरार विधि से संघर्षरत बालक निवासी बरदेभाटा की पतासाजी जी की जा रही है। गिरफ्तार किए गए दोनों विधि से संघर्षरत बालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### विद्युत विभाग ने किसानों से पंपों में कैपीसीटर लगाने की अपील

# लो वोल्टेज के निराकरण के लिए क्षेत्र में बदले जा रहे हैं ट्रांसफार्मर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के समस्त क्षेत्रों से ग्रामीणों द्वारा लो वोल्टेज की समस्या को लेकर जानकारी दिया गया था, जिसके निराकरण करने पॉवर कंपनी ने त्वरित प्रयास शुरू कर दिए है। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर क्षेत्र के विफल ट्रांसफार्मर तुरंत बदले जाने की व्यवस्था की जा रही हैं सिंगल फेस दो तार को चार तार किया जा रहा हैं। विभाग के प्रमुखों ने किसानों से पंप के साथ कैपीसीटर लगाने की अपील किया है।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे का कहना है कि गर्मी के मौसम में धान की फसल में सिंचाई के लिए एक साथ कृषि पंप चलने से लोड बढ़ गया हैं। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर हैं, जहाँ पंप कनेक्शनों का घनत्व ज्यादा हैं। प्रत्येक पंप की मोटर एक आगमनात्मक भार (इंडेक्टिव लोड) हैं, जब एक साथ बहुतायत में पंप चलते हैं, तो पूरे सिस्टम का लोड असंतुलित होकर बहुत ज्यादा आगमनात्मक (इंडेक्टिव) हो जाता हैं और विद्युत प्रणाली का पॉवर फैक्टर कम हो जाता हैं। ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर प्रणाली पर एक तरह की छद्म लोडिंग बढ़ जाती हैं और वोल्टेज कम हो जाता हैं, इसके लिए जरूरी है कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक किसान अपने पंप पर कैपीसिटर लगाएं। इस समस्या के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही हैं जिसके तहत ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, सब स्टेशनों में कैपीसिटर बैंक की स्थापना है। अधीक्षण अभियंता चंद्रहास मरकाम का कहना है कि रबी फसल में प्रमुख रूप से धान लगाए जाने के कारण कृषि पंपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई के लिए अधिक मात्रा में पानी के उपयोग होने से आकस्मिक रूप से विद्युत लाईनों एवं ट्रांसफार्मर पर अधिक भार आ गया हैं, जल स्तर नीचे जाने से पंप ज्यादा लोड खींच रहे हैं। कृछ क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या की शिकायत आई है। स्थापित पंप के स्टार्टर के समीप कैपीसीटर स्थापित करें, ताकि कुछ सीमा तक लो-वोल्टेज की समस्या का निदान हो सके एवं पंप क्वाईल के जलने की समस्या से बचा जा सकें। यह प्रमाणित तकनीकी उपाय हैं और इससे समस्या तत्काल काफी हद तक हल हों जाएगी। कार्यपालन अभियंता सतीश किंडो ने बताया कि 0 से 3 एचपी पंप के लिए 1 केवीएआर, 3 से 5 एचपी पंप के लिए 2 केवीएआर और 5 से 7 एचपी पंप के लिए 3 केवीएआर कैपीसीटर लगाना चाहिए।

### आवासपारा में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल मुख्यालय के आवासपारा में ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से 4 मार्च सोमवार को दोपहर 2 बजे संतोष महाराज के द्वारा शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया। पुजारी महाराज के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंत्रोच्चार एवं जल अभिषेक, पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को भक्ति भावना के साथ पूजा पाठ करवाया गया और ग्रामवासियों के लिए समृद्धि, शांति व सुखमय जीवन की कामना किया गया। सिहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव पुराण की कथा के बाद लगातार जगह जगह शिवलिंग की स्थापना हो रही है। इस अवसर ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

# 15 साल में धर्मांतरित लोगों की संख्या 85 और चर्च बने 5 सौः सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सनातन क्षेत्रीय मंच सक्षम द्वारा सोमवार को एसपी को ज्ञापन सौंप धर्मांतरण करवाने वाले नकली पास्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सक्षम ने पिछले 15 वर्ष में धर्मांतरित लोगों की सूची देकर बताया कि बस्तर संभाग में केवल 85 लोग धर्मांतरित हुए है जबकि चर्चों की संख्या 5 सौ से अधिक है।

सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम ने बताया कि नकली पास्टर बन धर्मांतरण करवाने वालों के खिलाफ एसपी को ज्ञापन सौंपकर उन्हें सूचना के अधिकार से प्राप्त धर्मांतरित 85 लोगों की सूची भी सौंपी गई। वहीं तथाकथित पास्टरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर धर्म व समाज हित में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

अविनाश ने बताया कि बस्तर जिले में धर्मांतरण अपने चरम पर है। जिले के लगभग प्रत्येक ग्राम में बने चर्चों की संख्या 5 सौ से अधिक है जहां पास्टर प्रार्थना करवाते हैं। हमने सूचना का अधिकार से जानकारी निकाली थी कि सन-2005 से 2020 के बीच बस्तर संभाग में कुल कितने लोग धर्मांतरित हुए हैं। जिस पर मिली जानकारी के अनुसार इनकी संख्या मात्र 85 हैं जो बस्तर संभाग में धर्मांतरित हुए हैं। जब धर्मांतरित लोगों की संख्या संभाग में मात्र 85 है तो बस्तर जिले में बने चर्च के पास्टर कौन हैं और कहां से आए हैं यह जांच का विषय है। अविनाश ने बताया कि बकावंड ब्लॉक के मालगांव में एक व्यक्ति है जो कि हिंदू है और स्वयं को पास्टर बताकर ग्रामीणों को गुमराह कर धर्मांतरण करवा रहा है। उस व्यक्ति की तरह ऐसे कई फर्जी पास्टर हैं जो हैं तो हिंदू लेकिन स्वयं को पास्टर बताकर चर्च में प्रार्थना करवा रहे हैं और इसाई धर्म का प्रचार कर ग्रामीणों को गुमराह कर रहे हैं। एसपी को ज्ञापन सौंपने के दौरान ज्ञापन सौंपने सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम, उपाध्यक्ष करण शर्मा, जिला सह प्रभारी दुर्गा प्रसाद कवि, जिला उपाध्यक्ष हेमराज कश्यप, जिला सचिव ओम साहू, नंदलाला यादव, खेमा सिंह ठाकुर, मनीराम नाग, गौतम, दुब्लेश्वर ठाकुर, खबीर सेठिया, झुमुकलाल, किरण नाग समेत काफी संख्या में सक्षम के लोग मौजूद थे।

**धर्मांतरण कराने वाले नकली पास्टरों के खिलाफ एसपी को सनातन क्षेत्रीय मंच ने दिया ज्ञापन**



### आईपीसी की धारा 419 प्रतिरूपण द्वारा छल करने वालों के खिलाफ एफआईआर की मांग

सक्षम ने बताया कि हिंदू होकर इसाई समुदाय का पास्टर बताकर हिन्दुओं या किसी भी व्यक्ति को गुमराह करना भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 419 प्रतिरूपण द्वारा छल (हिंदू होकर आपको इसाई बताकर धर्मांतरण करवाना) करना, धारा 295 धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाना और छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम क्रमांक 27 सन 1968 के तहत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की। सक्षम ने कहा कि ऐसा नहीं होने की स्थिति में धर्म व समाज की रक्षा में हिंदू समाज फर्जी पास्टरों के खिलाफ जिले में उग्र आंदोलन करेगा। बस्तर जिले के ग्राम मालगांव के सरपंच ने लिखित में जानकारी दी है कि मालगांव में कोई इसाई नहीं रहता है। किसी ने भी चर्च बनाने की जानकरी नहीं दी और ना ही ग्रामसभा में यह पारित हुआ कि चर्च बनाकर प्रार्थना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### फरसगांव नगर में कल अघोरी बाबा का रोड शो



**फरसगांव।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर इस वर्ष फरसगांव नगर में शिवभक्त व नगरवासियों द्वारा अघोरी बाबा का रोड शो 6 मार्च को किया जाएगा। शिवभक्तों ने बताया कि आयोजन की तैयारियां चल रहीं हैं। बुधवार को अपरान्ह 4 बजे से रात 9 बजे तक अघोरी बाबा का रोड शो कर झांकी निकाली जाएगी। शिवमंदिर से प्रारंभ कर नगर भ्रमण करेगी। 8 मार्च को नगर के शिवमंदिर में सुबह आरती पूजन , रुद्राभिषेक कर भंडारे का आयोजन किया जाएगा । नगर में पहली बार अघोरी बाबा का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें अघोरी बाबा को भगवान शिव के रूप में भक्त व दर्शक देख पाएंगे। अघोरी बाबा के शरीर पर भस्म रमाए और नरमुंड की माला पहने भगवान शिव के रूप मे दिखेंगे । इस आयोजन को सफल बनाने, रोड शो में शामिल होने नगर के साथ आस- पास गाँव के ग्रामीणों से अपील भी किया गया है।

### भेजामैदानी के जंगल से 17 जुआरी गिरफ्तार

**पुरूर(धमतरी)।** पुरूर थाना अंतर्गत ग्राम भेजा मैदानी एवं बालोदगहन के बीच गोरसाकट्टा के पास जंगल में जुआ खेल रहे 17 आरोपियों के खिलाफ साइबर सेल एवं पुरूर पुलिस ने कार्रवाई कर उनके पास से नकद रूपये, मोटरसाइकिल, मोबाइल व ताशपत्ती जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुरूर थाना क्षेत्र में विगत कई महीनों से बालोदगहन के आस-पास जंगल में जुआ का खेल होने की शिकायत पुरूर पुलिस को मिली। पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन पर साइबर सेल एवं पुरूर पुलिस की टीम ने रेड की कार्रवाई की। भेजा मैदानी गोसरकट्टा के जंगल में जुआ खेलते हुए 17 आरोपी पकड़े गए। टीम ने मौके पर 6 मोटरसाइकिल एवं 10 नग मोबाइल बरामद किये। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की है।

पेज 09 के शेष...

### भुईगांव में हाईवा ...

रेत खदान चलती है, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया जाना चाहिए वहीं रात को वसूली के लिए जो लोग रेत खदान पहुँच रहे है, उनको नहीं रोका गया, तो भविष्य में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### आवासपारा में शिवलिंग...

पर सरपंच पार्वती शोरी, शांतिलाल जैन, पुनीत लाल यादव, तुलसी सेन, संजय साहू, राजेश भारद्वाज, मूलचंद यादव, आवासपारा के श्रद्धालु महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। आवासपारा में सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा।

**पहल: पहले चरण में गर्भवती और शिशुवती महिलाओं का सर्वे**

# एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का अध्ययन करने पहुंचा दो सदस्यीय केन्द्रीय दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर दुदावत ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दी जानकारी

एनीमिया और कुपोषण की गंभीर चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिले में शुरु की गई एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का अध्ययन करने के लिए दो सदस्यीय केन्द्रीय दल सोमवार को कोंडागांव पहुंचा। दल में नीति आयोग के अंडर सेक्रेटरी जगवीर सिंह तथा आवास एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अंडर सेक्रेटरी दीपक कुमार शामिल हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिए प्रारंभ किए गए इस अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत ने अध्ययन दल के अधिकारियों को बताया कि एनीमिया मुक्त कोंडागांव जिला प्रशासन की एक पहल है। यह जिला एनीमिया और कुपोषण की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा था। एनीमिया और कुपोषण की इस चुनौती का सामना करने के लिए योजना




निर्माण के साथ योजना के क्रियान्वयन की निगरानी भी एक चुनौती थी, क्योंकि जिले का कुछ क्षेत्र दुर्गम तथा अतिसंवेदनशील है। एनीमिया मुक्त कोंडागांव के लिए पहले चरण में गर्भवती और शिशुवती महिलाओं के साथ ही किशोरियों में एनीमिया के स्तर का बेसलाइन सर्वे किया गया। वहीं योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सूचना तकनीक का उपयोग किया गया। सबसे पहले वेब पोर्टल तथा मोबाईल एप्प के माध्यम से संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। वेब पोर्टल तथा एप के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं को दी जाने वाली आयरन और फोलिक एसिड की निगरानी से इसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। मिडलाईन सर्वे में बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरियां एनीमिया से बाहर आई हैं। बालिकाएं और महिलाएं एनीमियामुक्त हुई हैं, उनके भोजन व्यवहार के संबंध में भी निरंतर सलाह दी जा रही है। वहीं एनीमियामुक्त होने पर ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया जा रहा है, जिससे लोगों में इसके प्रति जागरुकता बढ़ी है।

### गड़बड़ी न हो, इसके लिए भी की गई पुख्ता व्यवस्था

इस योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए भी पुख्ता व्यवस्था की गई है। महिलाओं और किशोरियों का डाटा संग्रहित करने के साथ ही जांच की तस्वीर भी अपलोड की जाती है। एनीमिया की जांच हेतु आवश्यक किट की उपलब्धता की आसान हुई है। वहीं पाई गई एनीमिया की संख्या तथा स्तर अनुसार दवाइयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाती है। इससे दवाइयों के अनुपयोगी होने की संभावना भी समाप्त हुई है। वहीं सूचना तकनीकी के उपयोग के कारण योजना के क्रियान्वयन के दौरान जहां वित्तीय प्रबंधन में सहजता हुई है, वहीं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी पंजी का बोझ नहीं उठाना पड़ता।

### ऑफ लाइन मोड में भी उपयोगी

दल को यह भी बताया कि इसका ऑफलाइन मोड में भी उपयोग किया जा सकता है। ऑनलाइन होते ही डाटा सिंक होकर सभी लोगों के लिए उपलब्ध हो जाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में उत्कृष्ट इमली संग्रहण, भंडारण एवं प्रसंस्करण संबंधी कार्यशाला शुरू




**कोण्डागांव।** इमली संग्रहण, भंडारण एवं प्रसंस्करण के लिये दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ सोमवार को केशकाल के ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में किया गया। इस कार्यशाला में 12 जिला यूनियन से संग्राहक, समूह सदस्य, वनधन मित्र, इंटर्न, कृषक, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ एक्सी एवं उप प्रबंधक संचालकों तथा संघ मुख्यालय से उपस्थित विशेषज्ञ, लैब एनालिस्ट सहित लगभग 350 प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया।

इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को इमली के संग्रहण प्रक्रिया भंडारण एवं प्रसंस्करण कर छिलका सहित इमली से आटी इमली एवं उत्कृष्ट फूल इमली प्राप्त करने तथा पलटा फूल तैयार कर पैकिंग की पध्दति से कार्यशाला में समूह सदस्यों से उनके द्वारा ही कार्य करने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया।

**निर्यात के संबंध में भी बताया गयाः** कार्यशाला में अपर प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू, मुख्यवनसंरक्षक कांकेर डॉ. के. मेचियो, संग्रहण विशेषज्ञ हेमन्त पांडे , वनमंडलाधिकारी केशकाल एन गुरुनाथन, उप वनमंडलाधिकारी केशकाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला प्रारंभ की गई। मुख्य वन संरक्षक कांकेर वृत्त ने कार्यशाला के प्रतिभागीयों को इमली के उत्कृष्ठ एवं वैज्ञानिक पध्दति से संग्रहण एवं प्रसंस्करण करने पर इमली का निर्यात होने की संभावना एवं उचित मूल्य प्राप्त होने के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट गुणवत्तायुक्त प्रसंस्करण के अभ्यास कार्य में बढ़–चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# दलपतसागर से धरमपुरा की ओर जाने वाला मार्ग प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षांत समारोह व चित्रकोट महोत्सव में शामिल होने बस्तर प्रवास पर मंगलवार को आ रहे राज्यपाल व मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा एडवायजरी जारी की है। प्रवास के दौरान कई मार्गों को प्रतिबधिंत किया गया है। वहीं आम लोगों की असुविधा न हो इसके लिए प्रतिबधिंत मार्गो की जानकारी दी गई है।

ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक दलपतसागर मार्ग, समुंद चौक तिराहा, धरमपुरा शिवमदिंर तिराहा मार्ग प्रतिबधिंत रहेगा। वहीं धरमपुरा से कालीपुर व तितिरगांव से आने जाने वाले वाहनों को महिला पॉलिटेक्निक चौक, दुर्गा चौक व शिवमंदिर तिराहा के पास रोड क्रास कर धरमपुरा एक नम्बर व अनुपमा चौक की ओर से आने दिया जाएगा। वहीं कृषि महाविद्यालय से पीजी कॉलेज चौक मार्ग में भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इन्हें कुम्हरावंड स्कूल तिराहा से गीमद रोड एनएच 63 से बिरिंगपाल होते हुए जगदलपुर शहर व लोहण्डीगुड़ा की ओर से आवागमन संचालित रहेगा। डीएसपी जैन ने बताया कि आपातकालीन सेवा सबंधित वाहनों को प्रतिबंध से छूट रहेगा। इसके अलावा चित्रकोट महोत्सव के लिए व्हीआईपी पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए चित्रकोट जलप्रपात के पास निर्धारित पूर्व पार्किंग स्थल को व्हीआईपी पार्किंग के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इसके अलावा व्हीआईपी पार्किंग स्थल पर वाहनों की पूर्णता होने पर शेष वाहनों को आम जनता वाले स्थल में पार्क कर सकेगें। पर्यटन वाहन जांच केन्द चित्रकोट पहुंचने के 100 मीटर पहले सड़क के दॉहिने ओर के पार्किग स्थल व 500 मीटर बॉयीं ओर पार्किंग स्थल में वाहन पार्क कर आम जनता को वहां से पैदल कार्यक्रम स्थल आना होगा। इसके अलावा सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने आने वाले वैवाहिक जोड़ा जिस वाहन से आएंगे उनके वाहनो कों पुलिस चौकी तिराहा कार्यक्रम स्थल तक आने दिया जाएगा। तत्पश्चात संबंधित वाहन को आम जनता वाहन पार्किंग स्थल में पार्क करना होगा। इन्हें कार्यक्रम के प्रारम्भ से 1 घंटे पूर्व पहुंचना होगा।

# आपराधिक व संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दें


**फरसगांव।** जिला पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते एवं अनुविभागीय अधिकारी अनिल कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव सम्बंधित तैयारियों एवं गांव में होने वाली आपराधिक गतिविधियों आदि के सम्बंध में चर्चा करने के उद्देश्य से फरसगांव थाना परिसर में क्षेत्र के सभी कोटवारों की बैठक आहूत की गई।

बैठक में थाना प्रभारी नरेश कुमार साहू ने कोटवारों से चर्चा करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने, गांव में होने वाली छोटे-बड़ी आपराधिक गतिविधियों की सूचना देने, प्रतिबंधित गतिविधियां जैसे अवैध शराब बिक्री, जुआ, सट्टा आदि की जानकारी मिलने पर पुलिस को अवगत करवाने की समझाइश दी गई।



# दिवंगत शिक्षक एलबी संवर्ग के परिजन को परिवार पेंशन लाभ मिलना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन घोषणानुसार छत्तीसगढ़ में ओपीएस विकल्प भरने वाले शिक्षक एलबी संवर्ग के दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को परिवार पेंशन का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है । इस तारतम्य में सभी जिला व ब्लाक में बैठक में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ताकि विभिन्न जानकारियां संग्रहित कर प्रक्रिया पूर्ण करवाया जा सके। छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव की जिला स्तरीय बैठक 10 मार्च को कोण्डागांव में आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन (सीजीटीए) की प्रांतीय वर्चुएल बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व वित्त मंत्री को दिए गए ज्ञापन व चर्चा की जानकारी विस्तार से दी गयी। बैठक में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो को ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया है । शीघ्र ही वित्त व शिक्षा सचिव से मुलाकात करने पर चर्चा हुई । कर्मचारियों को कैशलेश इलाज की सुविधा हेतु निर्णय कराने सार्थक प्रयास किया जाएगा। दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को पेंशन, ग्रेच्युटी, जीआईएस, अर्जित अवकाश नगदीकरण हेतु आवश्यक प्रयास करने सभी जिला व ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित किया गया।

**ये हैं प्रमुख मांगें :** प्रथम नियुक्ति के आधार पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने, पेंशन हेतु 33 वर्ष की सेवा के स्थान पर केंद्र, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड की तरह 33 वर्ष की जगह 20 वर्ष करने, वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान पूर्व सेवा के आधार पर निर्धारित करने, प्राचार्य के पद पर एल बी संवर्ग के व्याख्याता को पदोन्नति की जाए। व्याख्याता, शिक्षक व प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति करने, लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग पर तथ्य के आधार पर चर्चा की गई,,प्रमुख मांगो के अलावा पूरक मांग पत्र तैयार करने का भी निर्णय लिया गया।

**समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

# अग्निवीर के लिए चयनित 37 युवाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिला प्रशासन और पूर्व सैनिक कल्याण परिषद युवाओं को दे रहा प्रशिक्षण

अग्निवीर के लिए चयनित जिले के 37 युवाओं को पुष्पमाला और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन और पूर्व सैनिक कल्याण परिषद द्वारा युवाओं को यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। ताकि सेना में जिले के युवाओं की भागीदारी बढ़ सके। जिले के अधिक से अधिक युवाओं को देश सेवा करने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के कारण उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए।



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने बड़ी संख्या में जिले के युवाओं का अग्निवीर के लिए चयन होने पर गर्व का अवसर बताया। उन्होंने सभी युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### स्थानीय युवाओं को भी करें प्रोत्साहितः कलेक्टर

कलेक्टर ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के आसपास के युवाओं को भी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराएं और उन्हें भी देश सेवा के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि देश का हित ही सैनिक का कर्त्तव्य है तथा वे युवाओं को सही मार्गदर्शन देकर यह कार्य करें, जिससे दूसरे युवाओं का भविष्य भी उज्ज्वल हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन निरंतर आपके साथ है तथा प्रशिक्षण को और अधिक बेहतर बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक परिषद कोंडागांव के संयोजक सुब्रत शाहा, अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्य सोमेश्वर भारती साहू उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने की विधायक से एनीकेट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- गर्मी के दिनों में मांदर के लोगों को पानी की होती है समस्या
- ग्रामीणों ने बताया गर्मी में सिंचाई व पशुओं के लिए पानी की होगी सुविधा



लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत मांदर के ग्रामीणों ने गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत को देखते हुए एनीकट बनाने की मांग चित्रकोट विधायक विनायक गोयल से की है। ग्रामीणों के मुताबिक खेतों में सिंचाई व मवेशियों के लिए पानी की काफी असुविधा होती है इसलिए एनीकट बनाना जरूरी है। लोहण्डीगुड़ा मण्डल के ग्राम पंचायत मांदर के ग्रामीणों ने मांदर नाले में एनीकेट की मांग करते हुए विधायक विनायक गोयल को बताया कि एनीकट निमार्ण होने से सिचाई एवं पशुओं के लिए गर्मियों के मौसम में पानी की व्यवस्था हो सकती है। एनीकट बनने से मांदर पंचायत के ग्रामीणों को कृषि कार्य व मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था काफी आवश्यक है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में मांदर पंचायत के लोगों को पानी की बहुत ही समस्या होती है। इस दौरान मांदर पंचायत के सरपंच पति मंगतू कश्यप के अलावा बसंत कश्यप, बोंजा राम, विनय मौर्य सावेन्द्र सेठीया समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे जिन्होंने चित्रकोट विधायक विनायक गोयल को ज्ञापन सौंपा। विधायक गोयल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जनहित के इस मुद्दे को पूरा किया जाएगा और आपकी इस मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रखते हुए जल्द पूरी की जाएगी।

## बड़ेकरका में हुआ अटामी परिवार का वार्षिक सम्मेलन



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम बड़ेकरका में अटामी परिवार का संभागस्तरीय वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम हिरगुंडा तादो देव का पूजा एवं परिवार का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। उक्त कार्यक्रम में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं बस्तर जिले के अटामी परिवार के लोग उपस्थित हुए तथा परिवार के परंपरागत रीति-रिवाज को बनाए रखते हुए शिक्षा से जोड़ने की बात कही। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सम्मेलन में संभागीय अध्यक्ष प्रमोद अटामी, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, उपाध्यक्ष बोसाराम अटामी एवं अतिथि परिवार से बुधराम वेट्टी, सुदराम भास्कर, घासीराम तामो, अल्कु इस्ताम, लालू कुंजाम, सुकड़ा तामो, फगनू पदामी, अनिल पदामी, बुधराम इस्ताम, विष्णु पदामी, बालसिंग कोरसा गुड्डी लेकामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। परिवार से सामनाथ अटामी, शैलेश अटामी, अनतराम अटामी, गुड्डीराम अटामी सहित अन्य गांवों से आए परिवारजन मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने बच्चों की मांग पर दी खेल सामग्री



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम में बीते दिनों हारम संकुल के माधोपारा शाला के न्योता भोजन में शामिल हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं सभी बच्चे आत्मीयता से भोजन किये, साथ ही बच्चों से खेलकूद एवं पढ़ाई के विषय में चर्चा की। इस दौरान बच्चों के द्वारा कलेक्टर से खेल सामग्री की मांग की गई। इस पर कलेक्टर के द्वारा बच्चों की त्वरित मांग पूरी करते हुए व्हालीबॉल, नेट एवं अन्य खेल सामग्री शाला में भिजवाया गया।

## सतरंगी सभा में शामिल हुए कलेक्टर मयंक



**दंतेवाड़ा।** ग्राम पंचायत कुम्हाररास नयापारा स्थित देवगुड़ी में सतरंगी सभा का आयोजन आज किया गया। सतरंगी सभा में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी उपस्थित हुए व ग्रामीणों से स्वास्थ्य, पोषण व ग्रामीणों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा कर, समस्याओं को दूर करने की बात कही। साथ ही ग्रामीणों को युवोदय वालंटियर के माध्यम से सीधे अपने तक समस्याओं को पहुंचाने की बात भी कही गयी। सतरंगी सभा में बापी मंजू कश्यप और युवोदय वॉलिंटियर द्वारा गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं एवं अन्य ग्रामीण समुदाय को, पोषण आहार, 4 अनिवार्य एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, बच्चे के जन्म के 1 घंटे के भीतर मां का पहला पीला गाढ़ा दूध के सेवन, कंगारु मदर केयर के बारे में जानकारी देते हुए, नियमित टीके और आयरन कैल्शियम की गोली के नियमित सेवन के लिए प्रेरित किया गया। प्रसव से पहले डॉक्टर एवं मितानिन दीदी की दी हुई सभी सलाह का पालन करने एवं पोषक आहार के नियमित सेवन के लिए भी प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कैरम स्पर्धा का हुआ समापन



**जगदलपुर।** स्व. अमित आर्या एवं भरत यादव स्मृति फ्रेन्डस क्लब जगदलपुर के तत्वाधान में जिला स्तरीय कैरम स्पर्धा का आयोजन 25 फरवरी से 03 मार्च तक किया गया। डबल फाइनल के रोमांचक मुकाबले में 40वें मैच में सतीश एवं वहिश की जोड़ी ने निक्की एवं समीर साहा की जोड़ी को 29-21 से मात देकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। फायनल मैच बेस्ट ऑफ थ्री के रूल्स से खिलाया गया। स्पर्धा के सभी मुकाबले स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय वार्ड राउतपारा में खेले गए। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर सफीरा साहू थी। अतिथियों के द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की गई।

### 100 से अधिक बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की



**दरभा।** राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान में तीन मार्च को दरभा ब्लॉक के अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों में बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इसी कड़ी में नेगानार के उप स्वास्थ्य केंद्र में आरएचओ एमपी वर्मा, हरावती दास, सवित्रा नेताम, कुम्भ कर्मा कश्यप, विनय वर्मा, अजय मंडावी द्वारा शून्य से 5 वर्ष तक के 100 से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। गौरतलब है कि यह अभियान 3 से 5 मार्च तक चलेगा। 4 एवं 5 मार्च को टीम के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन के माध्यम से टीम गठन किया गया है।

### जनहित से सरोकार होता तो नहीं मिलती करारी हार : संतोष

**दंतेवाड़ा।** भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता ने जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जनहित नहीं परिवारहित कांग्रेस की नीति एवं परंपरा रही



है। इसलिए कांग्रेस की राजनीति राष्ट्रीय, प्रदेश से लेकर जिला तक एक ही परिवार के ईद गिर्द रहती है। गुप्ता ने कहा कि यदि जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता होती तो, विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना नहीं करना पड़ता। उस परिवार को जिसने कई दशकों तक सत्ता में रहते हुए भी जनता का नहीं सिर्फ परिवार का विकास किया। जिसके परिणाम स्वरूप कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता अपने आप को छला हुआ महसूस करते हुए पूरे चुनाव में गायब रहे। गुप्ता ने कहा कि दंतेवाड़ा-बचेली सड़क पर जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ओछी राजनीति कर रही है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार, सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रितों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये जाने के प्रावधान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दन्तेवाड़ा द्वारा तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के आधार पर तहसील दंतेवाड़ा के ग्राम नेटापुर मृतक लक्ष्मण कड़ती की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिस लक्ष्मी कड़ती को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

# अबकी बार 400 पार के लक्ष्य के साथ प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल : अटामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भाजपा दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रहे है।

जिसके तहत आज वे भोगाम पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। आलनार में स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों से मुलाकात किया एवं फरसपाल मेला में शामिल होकर देवी-देवताओं के दर्शन के साथ ग्राम के वरिष्ठ, पेरमा, गायता व बीजेपी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव की तरह पुरे आत्मविश्वास के साथ लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा में भी अन्य राजनीतिक दलों से अग्रणी रही और महेश कश्यप को बस्तर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

लोकसभा सदस्य उम्मीदवार घोषित होने के पश्चात महेश कश्यप बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन करने दंतेवाड़ा पहुंचे। विधायक चैतराम अटामी भी सांसद प्रत्याशी महेश कश्यप के साथ मां दंतेश्वरी के दर्शन एवं प्रचंड मत से जीत का आशीर्वाद लेने देवी दरबार पहुंचे थे। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मुखरता और प्रखरता से भाजपा ने नारे लगाए और भाजपा के नारे को जनता ने स्वीकार किया और आज जब लोकसभा का चुनाव हो रहा है। तब पूरा देश एक ही नारा लगा रहा है फिर एक बार, मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। अटामी ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में अऊ नई सहिबो बदल के रहिबो का नारा जनता ने स्वीकार किया, उसी तरह अबकी बार 400 पार का नारा जनता स्वीकार कर रही है।

## रिनोवेशन के बाद आम जनता के लिए खुला स्विमिंग पुल

### विधायक अटामी ने किया शुभारंभ



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के ओल्ड सर्किट हाउस स्थित स्विमिंग पुल रिनोवेशन के बाद आम जनता और छात्र-छात्राओं के लिए ओपन कर दिया गया है। शनिवार को स्थानीय विधायक चैतराम अटामी के द्वारा उक्त स्विमिंग पुल का सत्र 2024-25 के लिए शुभारंभ किया गया। ताकि तैराकी स्पर्धा में नई प्रतिभाएं आगे आ सकें। कोई भी व्यक्ति नगर पालिका दंतेवाड़ा में पंजीयन करवा के स्विमिंग पुल की सदस्यता ले सकते हैं। इसमें छात्र-छात्राओं के लिए सदस्यता शुल्क रियायती दर पर रखी गई है। विगत 4-5 वर्षों से स्विमिंग पुल का संचालन बंद हो गया था तथा स्विमिंग पुल का रिनोवेशन जरूरी हो गया था। दंतेवाड़ा के नागरिकों की मांग थी कि स्विमिंग पुल का संचालन प्रारंभ किया जाए। साथ ही तैराकी प्रतिस्पर्धा के लिए भी खिलाड़ियों के बीच स्विमिंग पुल की जरूरत महसूस की जा रही थी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इस पर संज्ञान लेते हुए स्विमिंग पुल को जल्द से जल्द रिनोवेशन करने के साथ आम जनता के लिए खोले जाने हेतु नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया। इसके पश्चात शनिवार को यह स्विमिंग पुल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, समस्त पार्षद गण, वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारीगण, स्व-सहायता समूह की दीदियां और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 300 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

### मुख्य अतिथि होंगे विधायक

**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग की अति महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत जिले में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं जयंत नाहटा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के विशेष मार्गदर्शन एवं विधायक चैतराम अटामी के आतिथ्य में 300 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा 6 मार्च को हाई स्कूल मैदान दंतेवाड़ा में कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना लागू की गई है। योजना के तहत कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 से अधिक होनी चाहिए। कन्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली अथवा अंत्योदय कार्डधारी परिवार की होनी चाहिए। साथ ही कन्या एवं उसके परिवार को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना चाहिए। योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार से संबंधित बालिकाओं के विवाह के लिए राशि 50000 रुपए का प्रावधान है, उक्त राशि में से प्रत्येक जोड़ों के लिए राशि 21000 रुपए का डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में एवं शेष राशि का उपयोग विवाह सामग्री, उपहार सामग्री एवं आयोजन के आकस्मिक व्यय, टेंट, भोजन, पानी इत्यादि का व्यवस्था किया जाता है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों की शादी हेतु मदद करने के लिए, बाल विवाह को रोकने, समाज में फिजूलखर्ची, दहेज के लेन-देन की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए यह एक विशेष पहल छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा की गयी है। यह सामूहिक रूप में होने वाले विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कारक है, जिसमें गरीब परिवार अपनी बेटी की शादी सामूहिक विवाह समारोह में एकत्रित होकर कर सकते है।

## निरीक्षण में नवीन परीक्षा केंद्र पहुंचे एबीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



एबीईओ बस्तर ने आज बोर्ड परीक्षा केंद्रों व विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं का गहन निरीक्षण किया। गत दिनों से स्कूलों में परीक्षा का माहौल बना हुआ है, इस दौरान कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा चल रही है। इसी क्रम में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी व उनकी टीम द्वारा विभिन्न केंद्रों में दबिश दी गई। सर्वप्रथम बालेंगा हायरसेकंडरी केंद्र का निरीक्षण किया गया। परीक्षा व्यवस्थित शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई। फिर अगले क्रम में सोनारपाल हायरसेकंडरी केंद्र का अवलोकन किया, यहां सभी परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए, शांति पूर्वक परीक्षा का संचालन पाया गया। तत्पश्चात अधिकारी ने भानपुरी केंद्र का निरीक्षण किया, जहां 4 कक्ष में बैठक व्यवस्था की गई थी। सुचारू रूप से संचालन पाया गया। अगले क्रम में अधिकारी द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित नवीन परीक्षा केंद्र चेराकुर का अवलोकन किया गया। सम्मिलित परीक्षार्थी अपनी ही शाला में परीक्षा देते काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे थे।

इसके पूर्व इन्हें 8 से 10 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र में जाना पड़ता था। अधिकारी को अपने बीच पाकर सभी परीक्षार्थी खुश थे। यहां भी परीक्षा की पूरी चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। सभी केंद्रों में नकल प्रकरण निरंक पाया गया। अगले क्रम में अधिकारी द्वारा बीहड़ अंचल स्थित प्राथमिक व माध्यमिक शाला कोलेबेड़ा पहुंचकर शाला का निरीक्षण किया गया। बच्चों से रूबरू होकर सवाल भी पूछे व अंग्रेजी विषय पर चर्चा भी की। चेराकुर से कोलेबेड़ा पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर होने के बावजूद सभी स्टाफ उपस्थित मिलने पर अधिकारी ने तारीफ भी की। इस दौरान देवेंद्र सोनी व अनिल वर्मा संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया शौर्य हाल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- सैनिक सम्मेलन में शामिल होने के बाद किया वृक्षारोपण



विकास कठेरिया भापुसे पुलिस उपमहानिरीक्षक (परिचालन) दन्तेवाड़ा ने 231वीं बटालियन के जावंगा गीदम स्थित परिसर का आज भ्रमण किया। वाहिनीं मुख्यालय में पहुंचने पर पुलिस उपमहानिरीक्षक को क्वाटर गार्ड में सलामी दी गई। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेन्ट, जयन पी सैमुअल द्वितीय कमान अधिकारी, मुकेश कुमार चौधरी उप कमाण्डेंट, प्रताप कुमार बेहरा उप कमाण्डेंट एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सलामी के पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक के हाथों अन्य सैनिक भोजनालय, शौर्य हॉल एवं पोल डैम्प के उद्घाटन के साथ-साथ एमटी फ्रूट पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया। उसके पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सैनिक सम्मेलन के दौरान वाहिनी के द्वारा अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में किये गए कार्यों एवं उपलब्धियों की सराहना की। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि वाहिनी के द्वारा पूर्व में अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं कुशलता से किया गया है और सभी जवानों को भविष्य में इसी निष्ठा एवं लगन के साथ परिचालनिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया एवं सभी जवानों के साथ जलपान कर जवानों का हौसला भी बढ़ाया।

## बालेंगा संकुल का बीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकासखण्ड बस्तर के संकुल केन्द्र बालेंगा विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार देवांगन के द्वारा प्राथमिक शाला ओगायगुड़ा और प्राथमिक शाला पुजारीपारा बालेंगा का निरीक्षण आज किया गया। कार्य में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित पाए गए।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने संस्था में दर्ज बच्चों से उनके स्तर अनुरूप प्रश्न भी किया। जिसका बच्चों ने बखूबी जवाब दिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बच्चों की शैक्षणिक स्तर से संतुष्ट हुए। देवांगन ने कमजोर बच्चों को परीक्षा के पूर्व उनके लिए कार्य योजना बना कर अन्य बच्चों की भांति उनके शैक्षिक स्तर में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा के समय में शत-प्रतिशत बच्चों की शाला में उपस्थिति हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सीएसी अलका पांडेय सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## कृषि विषय के विद्यार्थियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**भानपुरी।** शासन की व्यावसायिक पाठ्यक्रम की योजना के अंतर्गत व्यवसायिक रिटेल एवं कृषि विषय के विद्यार्थियों कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को प्राचार्य टीके दुर्गम की अनुमति से 80 घंटे का इंटर्नशिप 23 दिसंबर से व्यावसायिक प्रशिक्षक सुरेश विश्वास एवं विभाष वैष्णव के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है। इन छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण व्यवसायिक प्रशिक्षक सुरेश विश्वास एवं विभाष वैष्णव के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है। कृषि विषय के छात्र-छात्राओं को ग्राम मुंडागुड़ा में स्थित टीबीकेएफ कृषि फार्म में एवं रिटेल विषय के छात्र-छात्राओं को रितु फैंसी रिटेल स्टोर भानपुरी बस्तर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## शिक्षकों की हर समस्या के समाधान के लिए रहूंगा तत्पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला मुख्यालय स्थित पुस्तकालय भवन में रविवार को छग शिक्षक संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा के पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें खंड इकाई दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में चैतराम अटामी विधायक और धीरेंद्र प्रताप सिंह नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री के हाथों से शिक्षक संघ के कैलेंडर 2024 का विमोचन किया गया। विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं शिक्षकों के साथ हूं। शिक्षकों की हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। शिक्षक संघ के संजय ठाकुर प्रान्त कोषाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक एवं व्याख्याता को प्राचार्य में पदोन्नति देकर स्तर सुधार किया जा सकता है।

संभागीय अध्यक्ष केडी राय ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता अतिशीघ्र प्रदाय करने की मांग किये। इस अवसर पर संभागीय उपाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी, जिला शाखा अध्यक्ष तेजराम जुर्री, रामकुमार मोहंती जिला सचिव, पापैया मामड़ीकर जिला कोषाध्यक्ष, सरिता जैन जिला उपाध्यक्ष, केशव सिंह जिला उपाध्यक्ष, गौकरण यादव जिला उपाध्यक्ष, घिनानराम जिला उपाध्यक्ष, मीना डाली दयाल समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संभागीय अध्यक्ष, प्रांतीय कोषाध्यक्ष के हाथों विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## सीएसी ने संकुल फंड से कराया कम्प्यूटर उपलब्ध

# बच्चे कम्प्यूटर चलाकर भविष्य के युग के लिए हो रहे हैं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड





बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला पटेलपारा राजपुर में शिक्षा कृषि के साथ-साथ बच्चे अब तकनीकी ज्ञान में भी पारंगत होने लगे हैं।

- बच्चे आसानी से कर लेते हैं सीपीयू को असेम्बल

राजपुर के संकुल समन्वयक गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बच्चों को कंप्यूटर सिखाने का बीड़ा उठाया है। बच्चों के लिए उन्होंने अपने मद से कंप्यूटर प्रदाय किया है, जिससे बच्चे डिजिटल माध्यम से पढ़ाई भी करते हैं और चलाना भी सीख रहे हैं। संकुल समन्वयक स्वयं कंप्यूटर रिपेयरिंग का कार्य करते हैं। इसलिए उन्होंने कंप्यूटर के खराब कबाड़ को बच्चों के लिए एकत्रित कर उन्हें कंप्यूटर असेंबलिंग भी सिखाते हैं। जिसे बच्चे भी बड़ी रुचि से सीख रहे हैं। जिस कोर्स के लिए बच्चों को हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं, उसे अब बच्चे स्कूल में निःशुल्क ही सीख रहे हैं। टेक्नोलॉजी के इस युग में प्राथमिक स्तर के बच्चों से ही कंप्यूटर का ज्ञान कराना, भविष्य में निश्चय ही मिल का पत्थर साबित होगा। बच्चे अब कंप्यूटर के कबाड़ से बड़ी आसानी से कंप्यूटर को असेंबल्ड कर लेते हैं। बच्चे पाठ्यक्रम से संबंधित कई सामग्रियों का अध्ययन भी पावरपाइंट और वीडियो के माध्यम से कर रहे हैं, जिससे शिक्षण प्रणाली और ही आसान होती जा रही है। बच्चों के पालक भी इस नवाचार से बहुत ही प्रसन्न हैं और कहते हैं कि हमने अपने जीवन में कभी कंप्यूटर देखा नही था, आज बच्चे उसे चलाने के साथ-साथ रिपेयरिंग का कार्य भी सीख रहे हैं। शाला में प्रतिदिन अंतिम कालखंड में संकुल समन्वयक गजेंद्र सिंह ठाकुर स्वयं बच्चों को कंप्यूटर सिखाते हैं। शाला के स्वीपर ने भी कंप्यूटर में दक्ष होकर स्वयं का एक दुकान खोल लिया है। जहां कंप्यूटर से संबंधित कार्य करता है। टेक्नोलॉजी के इस युग में बच्चे कंप्यूटर चलाकर भविष्य के युग के लिए तैयार हो रहे हैं। निकट समय में यह नवाचार निश्चय ही कारगर साबित होगा।

### बच्चों का भविष्य होगा उज्जवल

आरम्भ से ही बच्चों को कंप्यूटर का ज्ञान कराया जाना, काबिले तारीफ है। इस नवाचारी कार्य में लगे संकुल समन्वयक बधाई के पात्र हैं। बस्तर अंचल में कंप्यूटर का ज्ञान प्राथमिक स्तर से बच्चों को प्राप्त कराना, उनके आने वाले भविष्य के लिए उज्जवल होगा।

-भारती प्रधान,
जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर

## सरस मेला में पवित्र स्वसहायता समूह को मिला दूसरा पुरस्कार



**जगदलपुर।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में 16 फरवरी से आयोजित सरस मेला में कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर विकासखण्ड के ग्राम छोटे राजपुर की पवित्र स्वसहायता समूह को हस्तशिल्प के लिए दूसरा पुरस्कार दिया गया। लौह शिल्पकारी का कार्य करने वाली इस समूह ने सरस मेले में लगभग 6 लाख रुपए का व्यवसाय किया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पुरस्कार के लिए स्वसहायता समूह को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### लोस चुनाव, प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान आदर्श आचरण संहिता लागू होने के तत्काल पश्चात जिले के सार्वजनिक स्थलों व भवनों में लगाए गए विज्ञापनों, होर्डिंग, कटआउट, पोस्टर्स और वॉल राइटिंग आदि को तत्काल हटाए जाने के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी आदेशानुसार कांकेर शहरी क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् कांकेर को, नगरीय क्षेत्र के लिए सभी नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है।

### साक्षरता अभियान का सर्वे कार्य प्रारंभ

**कांकेर।** भंडारीपारा वार्ड कांकेर में केंद्र शासन की महत्वपूर्ण साक्षरता योजना उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान का कार्य शिक्षक चंद्रजय मरकाम, फूलमत टेकाम एवं भानुप्रकाश महेंद्र के द्वारा घर - घर पहुंच कर असाक्षर व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, जिससे उनकी पहचान कर कक्षाएं लगाकर उन्हें साक्षर किया जा सके। सर्वे का कार्य मधुलता गोस्वामी के मार्गदर्शन में एवं संकुल समन्वयक शंभू राम शोरी के द्वारा सतत मॉनिटरिंग में किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री आज नव दंपतियों को देंगे आशीर्वाद

**जगदलपुर।** चित्रकोट महोत्सव-2024 उद्घाटन समारोह में 5 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम के तहत 340 नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम में वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद दीपक बैज, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिपं उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत सदस्य पदमा कश्यप, जपं लोहण्डीगुडा अध्यक्ष महेश कश्यप, सरपंच चित्रकोट बुटकी कश्यप एवं समस्त ग्रामीणों के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम के रूपरेखा तहत कवि सम्मेलन, स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति, लोक नर्तकदलों की प्रस्तुति और ब्लिस डांस ट्रूप की सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन किया गया है।

## निधन

### दिलीप कुमार हीरा



**पखांजुर।** तहसील मुख्यालय पखांजुर के वार्ड क्रमांक 5 के शुभपल्लूपारा न निवासी पूर्व सैनिक दिलीप कुमार हीरा अपने घर छुट्टी लेकर आए थे, इस दौरान पैर फिसलने के कारण उनके सिर पर गंभीर चोटे आई थी। उनका इलाज रायपुर के अस्पताल में चल रहा था, जिनका निधान 1 मार्च को हो गया।

# पैराडाइज स्कूल में विज्ञान दिवस पर छात्रों ने बनाए प्रोजेक्ट और मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएससी स्कूल के छात्र छात्राओं ने साइंस दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के साइंस के मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाकर मॉडल की कार्य विधि एवं उपयोगिता के बारें में विस्तार से वर्णन कर वार्षिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट जमा किया।

साइंस दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल एवं हाई स्कूल के छात्रों ने मॉडल एवं प्रोजेक्ट को प्राइमरी स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए प्रदर्शनी लगाकर उनके बारे में विस्तार से बताया और विज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। मिडिल कक्षाओं से साइंस प्रोजेक्ट एवं मॉडल में मुकुंद साहू द्वारा पेरीस्कोप, झरना साहू द्वारा प्लांट सेल एवं एनिमल सेल के बारे में, पूर्वाश ठाकुर डाइजेस्टिव सिस्टम, आसमा खान सेटेलाइट सिस्टम, अर्पिता सिंह लेयर्स ऑफ एटमास्फियर, पूर्वाशी द्वारा प्लांट सेक्टर, प्रेरणा द्वारा फोटो सिंथेसिस, बुसरा बानो द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट, अंशिका द्वारा बैलेंस डाइट, गौरव, परिधि सोनी वाल्केनो, राशि द्वारा स्किन मोड आदि आकर्षण एवं स्वचालित मॉडल बनाए गए, जिससे स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय के प्रति रूचि एवं व्यवहारिक जीवन में इसके उपयोग को भी समझ पाए। इसके अलावा प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी कक्षाओं के छात्रों द्वारा विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा के ज्ञानवर्धक मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाकर अपने व्यवहारिक कार्य अनुभव का परिचय दिया।

**माडलों में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा झलकी**



### शिक्षकों का योगदान

विभिन्न प्रकार से साइंस मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनवाने में शिक्षक रिया सोनी एवं दीप्ति सोनी का योगदान रहा। सभी कक्षाओं के छात्रों के द्वारा पैराडाइज स्कूल में वार्षिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शन कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, उप प्राचार्य हरि गोलुगिरि एवं एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक रूबी खान आदि शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा।

## निर्णय : अंचल विकास कार्यों को दिया जाएगा अंजाम

# डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में 25 करोड़ की कार्ययोजना अनुमोदित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शासी परिषद के पदेन सदस्य सांसद मोहन मण्डावी, अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेण्डी, विधायक आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण तथा शासी परिषद् की उपस्थिति में 24 करोड़ 89 लाख की कार्ययोजना का अनुमोदन हुआ। सदस्यगण उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राशि 24 करोड़ 89 लाख 05 हजार रूपए की कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने न्यास की राशि का उपयोग जिले के दूरस्थ अंचलों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करने पर जोर दिया गया। सांसद मोहन मण्डावी ने कहा कि जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाए गए सोलर स्ट्रीट लाईट एवं सोलर हाई मास्ट लाईट का मरम्मत कराए जाने का सुझाव दिया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नलकूप खनन एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव, मांगों एवं आवश्यकताओं को शामिल कर सभी विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में जिले में पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सहित जनकल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में वितरण किए जाने वाले पानी टेंकरों को गुणवत्तापूर्ण एवं सही मापदण्ड अनुरूप प्रदाय किए जाने, स्कूलों में अहाता निर्माण, स्टापडेम निर्माण सहित विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों के गांव में सड़क एवं पुल निर्माण सहित कई सुझाव दिए गए। बैठक में वर्ष 2017-18 में स्वीकृत मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने पर सदस्यों द्वारा नाराजगी जताई गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्यों की स्वीकृति में प्राथमिकता, उच्च प्राथमिकता-60 प्रतिशत एवं अन्य प्राथमिकता 40 प्रतिशत तथा वर्ष 2015-16 से वर्ष 2023-24 तक प्राप्त राशि के विरूद्ध जारी प्रशासकीय स्वीकृति और स्वीकृत कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया।

# घोड़ाबत्तर में राजमिस्त्री से की मारपीट, रिपोर्ट हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




घोड़ाबत्तर के कुछ ग्रामीण राजमिस्त्री को देख कहने लगे कि देखो चोर आ रहा है, मैने उन ग्रामीणों से कहा कि किसे चोर कह रहे है, इतना कहने पर ग्रामीणों ने राजमिस्त्री के साथ मारपीट करने लगे। शिकायत होने पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे घोड़ाबत्तर निवासी 50 वर्षीय रमेश कुमार गोटा पिता असरपी गोटा ने पुलिस को बताया कि मैं राजमिस्त्री का काम करता हूँ और 4 मार्च को दोपहर साढ़े 3 बजे के आसपास मैं अपने घर से हीरा गोटा शिक्षक के घर जा रहा था। शिक्षक के घर पहुंचने से पहले वहां पर मौजूद मेरे गांव के चंद्रा नेताम पिता समारू राम नेताम, रूस्तम नेताम पिता समारू राम नेताम दोनो मेरे को देखकर बोले कि देखो चोर आ रहा है, उनके द्वारा ऐसा कहने पर मेरे द्वारा कहा गया कि किसको चोर बोल रहे हो, विरोध करने पर उक्त दोनो ग्रामीणों के द्वारा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किए, जिससे मै डर गया। दोनो ग्रामीणों के द्वारा मारपीट करने से मेरे पीठ में चोट आई है। घटना को मानक जुर्री, कुमार गोटा देखे सुने व बीच बचाव किए है। मेरे साथ मारपीट के दौरान गांव के अन्य लोग बीच बचाव करने नहीं आते तो हमारे साथ बड़ा हादसा हो सकता था। भानुप्रतापपुर पुलिस ने प्रार्थी राजमिस्त्री की शिकायत पर मारपीट करने वाले दोनो ग्रामीणों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ओपन बोर्ड की परीक्षाएं 9 से

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित कक्षाएं 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं 9 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है, जिसके लिए प्रवेश पत्र परीक्षा केंद्र में वितरण किया जाना प्रारंभ किया जा चुका है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी कार्यालय समय में अपने केद्र से केंद्र प्रभारी से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

# जगदलपुर में आयुर्वेद महाविद्यालय खोलने सीएम को पत्र : सुब्रतो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य और शिक्षा में पिछड़ा इलाकों में आता था, किन्तु छत्तीसगढ़ गठन के बाद प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही

- बस्तर आज भी शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी पिछड़ा
- भाजपा सरकार के प्रयास से खुला मेडिकल कॉलेज



जगदलपुर में मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय की सौगात दी। लेकिन दुख की बात है कि मेडिकल कॉलेज में बस्तर के स्थानीय छात्र दाखिला नहीं ले पा रहे है। अधिकांश बच्चे नीट में चयन होकर एमबीबीएस में दाखिला ले रहे है हमारे बस्तर के ज्यादातर बच्चों के लिए सपना बन कर रह जाता है। बस्तर में एक आयुर्वेद महाविद्यालय प्रारम्भ करने की आवश्यकता है। उक्त बातें भाजपा नेता सुब्रतो विश्वास ने मीडिया को जारी बयान में कहा। उन्होंने कहा कि 5 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर प्रवास पर आ रहे है। उन्हें इस मुद्दे को लेकर मांगपत्र सौंप ध्यानाकर्षण कराया जाएगा। उन्होंने बताया बाहर के ज्यादातर बच्चे डाक्टर बनते है, जो बस्तर में सेवा देना नहीं चाहते। फलस्वरूप बस्तर व बस्तर के लोग चिकित्सा से दूर रह जाते है। जब तक बड़े अस्पताल पहुंचते है काफी देरी हो जाती है। उन्होंने मुख्यमन्त्री को पत्र में लिखा है कि बस्तर में चिकित्सा व शिक्षा में क्रान्ति लाने जगदलपुर में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय खोला जाना चाहिए। ताकि बस्तर के युवाओं को चिकित्सा के क्षेत्र में जाने का अवसर मिले। परिणाम स्वरूप बस्तर में आयुर्वेद चिकित्सों की फौज आने से बस्तर में चिकित्सकों की जो समस्या है उससे छुटकारा मिलेगी। आज हम देखते है अनेक चिकित्सक जिन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा ली है, वे स्वास्थ्य सेवा देकर लोगों की जान बचा रहे है। आयुर्वेद महाविद्यालय से चिकित्सक व शिक्षा दोनों में एक क्रान्तिकारी परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह मंगलवार को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मुख्य अतिथि होंगे साथ ही मुख्यमंत्री

- समारोह में 93 गोल्ड मेडल, 43 पीएचडी डिग्री और एक मानद उपाधि दिया जाएगा
- एक दिन पहले मंच पर चढ़ने से उतरने तक की हुई रिहर्सल

विष्णुदेव साय भी बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे। इस दौरान 93 गोल्ड मेडल और 43 पीएचडी की डिग्री दी जाएगी। साथ ही विश्वविद्यालय इस बार कृतिवेंटी श्रीनिवास राव को मानद उपाधि देने जा रहा है। समारोह से एक दिन पहले सोमवार को विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडलिस्ट और पीएचडी उपाधि धारकों ने मंच पर पहुंचकर मेडल और डिग्री प्राप्त करने का रिहर्सल किया।

मंच पर किस क्रम से छात्र चढ़ेंगे और उतरेंगे के अलावा उनकी बैठक व्यवस्था क्या होगी हर उस चीज का अंतिम रिहर्सल किया गया जो मुख्य समारोह में होना है। मेडल और डिग्री प्राप्त करने वालों का राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ गुरप फोटो भी होगा। इसके लिए भी विश्वविद्यालय परिसर में अलग से व्यवस्था की गई है। गुरप फोटो के लिए भी रिहर्सल की गई। फोटो में शामिल रहने वाले अतिथियों के अलावा छात्रों का क्रम तय किया गया है।

उसी क्रम के आधार पर सभी लोग खड़े होंगे और फोटों खिचवाएंगे। मुख्य समारोह से पहले रिहर्सल करते हुए विश्वविद्यालय ने अपनी सभी अंतिम तैयारियों को सुनिश्चित किया। सुबह 11 बजे से शुरू रिहर्सल दोपहर 3 बजे तक जारी रहा।




### कुर्ता पायजामा और पगड़ी पहनेंगे

दीक्षांत समारोह में 93 छात्र गोल्ड मेडल लेंगे वहीं 43 छात्र पीएचडी की उपाधि लेंगे। जो छात्र गोल्ड मेडल और उपाधि लेंगे उन्हें ड्रेस कोड में कार्यक्रम में शामिल होना होगा। इसके तहत गोल्ड मेडल और उपाधि लेने वाले छात्रों के लिए सफेद कुर्ता और पायजामा का ड्रेस कोड बनाया गया है। जो छात्र गोल्ड मेडल लेंगे वे पगड़ी और पीला दुपट्टा पहनेंगे और जो छात्र पीएचडी की उपाधि लेंगे वे पगड़ी के साथ लाल दुपट्टा लेंगे। इसी तरह छात्राएं कोसा रंग की प्लेन साड़ी पहनेंगी जबकि गोल्ड मेडल लेने वाली छात्राएं पगड़ी के साथ पीला दुपट्टा और उपाधि लेने वाली छात्राएं पगड़ी के साथ लाल दुपट्टा पहनेंगी।

### विशाल डोम में बैठक के लिए कैटेगिरी तय की गई

दीक्षांत समारोह के लिए एक बड़ा डोम बनाया गया है। इसी डोम में पूरा आयोजन होना है। डोम के अंदर गर्मी से बचने के लिए बड़े कूलर लगाए गए हैं। डोम में कैटेगिरी के हिसाब से बैठक व्यवस्था की गई है। अतिथियों, विशिष्ठ अतिथियों, पैरेंटस, छात्रों के साथ ही मीडिया के बैठने की अलग से व्यवस्था की गई है। गोल्ड मेडल व उपाधि देने के लिए अलग जगह तय गई है। अतिथियों के भोजन के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। इसके अलावा वीआईपी मूव्हमेंट के लिए भी रोड मैप तैयार किया गया है। कार्यक्रम में राज्यपाल व मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं ऐसे में पूरे परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।

### समारोह में जेल बैंड बनेगा आकर्षण का केंद्र

समारोह के दौरान जेल बैंड का मुख्य आकर्षण होगा। बैंड के लिए मंच की दाईं ओर अलग से प्लेटाफॉर्म बनाया गया है। यहीं से बैंड राष्ट्रगान की धुन बजाएगा। समारोह की शुरुआत और अंत इसी धुन के साथ होगी। विश्वविद्यालय का कुलगीत भी इस दौरान बजाया जाएगा। अंतिम रिहर्सल के दौरान बैंड के सदस्य भी अपनी प्रैक्टिस करते नजर आए।

### शोभायात्रा के साथ प्रारम्भ होगा समारोह

मुख्य समारोह की शुरुआत दीक्षांत शोभायात्रा के साथ होगी। इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव के अलावा प्रोफेसर इसका हिस्सा होंगे। शोभायात्रा की शुरुआत के साथ समारोह शुरू हो जाएगा जो कि डेढ़ घंटे तक चलेगा। हालांकि मेडल और डिग्री लेने वालों को सुबह 9 बजे बुलाया गया है ताकि समय से पहले सारी व्यवस्था दुरुस्त रखी जा सकें।

# नुक्कड़ नाटक में शांति, सद्भावना का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा और प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा संयुक्त रूप से अन्य समान विचारधारा वाले सांस्कृतिक और कला, जन संगठनों के साथ मिलकर 28 सितंबर शहीद-ए-आजम भगतसिंह के जन्मदिन से 30 जनवरी महात्मा गांधी की शहादत का दिन तक देश भर में विभिन्न राज्यों में ढाई आखर प्रेम यात्रा कई हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर की गई और जन सामान्य के मध्य शांति, सद्भावना और प्रेम का संदेश दिया गया। ढाई आखर प्रेम राष्ट्रीय सांस्कृतिक जत्था-यात्रा से जुड़े इप्टा रायपुर के कलाकार निसार अली ने हरीश साहू के साथ मिलकर नाचा गम्मत लोक नाट्य शैली में प्रस्तुत कर दुलारु, समारु पात्रों के चरित्र में मनोरंजक रूप में ढाई आखर प्रेम का संदेश स्थानीय दलपत सागर आईलैंड में 3 मार्च की संध्या सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति में दिया गया। यह प्रस्तुति मुख्यतः स्वामी विवेकानंद, शहीद-ए-आजम भगतसिंह, महात्मा गांधी के विचारों को लेकर चलते हुए रहीम, कबीर के शांति, सामाजिक सद्भाव और प्रेम के संदेश को सामने रखती है। कार्यक्रम में प्रगतिशील लेखक संघ के मदन आचार्य, जगदीश चंद्र दास, डॉ. योगेन्द्र सिंह राठौर, गायत्री आचार्य, उर्मिला आचार्य, ख़ुदेजा खान, कविता बिजौलिया, जोगेश्वरी आचार्य, डॉ. सुनील श्रीवास्तव, विमलेंदु शेखर झा तथा अफजल अली, नसरीन कुरैशी, माही सोनी, लछिंदर बघेल और सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## एक दिवसीय सत्संग का लाभ श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया

# मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य मुक्ति व मोक्ष है: संत रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा में रविवार को जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग एलईडी टीवी के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु सत्संग सुनने के लिए पहुंचे थे। श्रद्धालुओं ने कहा कि जब हम सत्संग में पहुंचे तो हमे संत महाराज के प्रवचनों से पता चला एक समय में पृथ्वी पर केवल एक पूर्ण संत होता है। पवित्र वेदों, पवित्र गीता और अन्य पवित्र ग्रंथों में इस बात का प्रमाण हैं कि जब भी धर्माचरण में गिरावट होती है और अधर्म की वृद्धि होती है, तब भगवान स्वयं पृथ्वी पर प्रकट होते हैं या अपने परम ज्ञानी संत को भेज कर सत्य ज्ञान के माध्यम से धर्म का पुनः उत्थान करते हैं। वह शास्त्रों के अनुसार सतभक्ति प्रदान करता है। संत रामपाल महाराज आध्यात्मिक क्रांति का आगाज कर रहे हैं। उन्होंने हर पवित्र शास्त्र से सच्चा ज्ञान प्रकट किया है और अपने अनुयायियों को भक्ति की सही विधि प्रदान कर रहे है। इसी सतभक्ति के कारण ही सभी अनुयायी भक्ति का सही लाभ प्राप्त कर रहे हैं। मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य मुक्ति या मोक्ष है ताकि जन्म और मृत्यु के इस दुख और चक्र को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया जाए। किन्ही कारणों से यदि कोई व्यक्ति संत रामपाल से दीक्षा लेता है, तो वह वास्तविक घर सतलोक तक पहुंचने के योग्य हो जाता है और उसे आवश्यक सांसारिक लाभ भी प्राप्त होते हैं। कुछ इच्छुक श्रद्धालुओं ने संत रामपाल महाराज के ज्ञान से प्रेरित होकर निःशुल्क नाम उपदेश भी लिया।

